प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार आज बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिन के जागरूकता अभियान की करेगा औपचारिक शुरुआत, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कार्यक्रम में होंगी शामिल।
2. आज नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना की उपलब्धियों का किया जा रहा सम्मान, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–नौसेना देश की समुद्री सुरक्षा की है सबसे बड़ी ताकत।
3. गुमला में युवा किसानों के लिए समेकित फसल सुरक्षा प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण की हुई शुरूआत।
4. जामताड़ा पुलिस ने जंगल से दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, आरोपियों से मोबाइल, फर्जी सिम और एटीएम कार्ड सहित कई सामान किए गए बरामद।
5. दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चार विकेट से हराकर श्रृंखला 1–1 से की बराबर, तीसरा और निर्णायक मैच शनिवार को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

****

महिला और बाल विकास मंत्रालय बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिन के गहन जागरूकता अभियान की आज औपचारिक शुरूआत कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित होगा।

****

आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका के सम्मान में प्रत्येक वर्ष चार दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष नौसेना दिवस केरल के तिरूअनंतपुरम में भव्य प्रदर्शन के साथ मनाया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की अडिग प्रहरी होने के साथ मानवता की सेवा और आपदा प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हर भारतवासी का गौरव है।

****

काशी – तमिल संगमम का पहला प्रतिनिधिमंडल हनुमान घाट, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और सारनाथ सहित काशी के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों के भम्रण के बाद आज अयोध्या जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है।

****

देवघर ज़िले में बासुकीनाथ फोरलेन निर्माण का निरीक्षण करते हुए कल उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने आरओबी, वीयुपी और ग्रीन कॉरिडोर सहित सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू–अर्जन, मुआवजा और वाहन अंडरपास निर्माण में विशेष सतर्कता बरतते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन पर जोर दिया।

****

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने गुमला में बीस युवा किसानों के लिए समेकित फसल सुरक्षा प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की, जो 6 दिसंबर तक चलेगा। जिला कृषि पदाधिकारी शुभम प्रिया टीयू ने बताया कि प्रशिक्षण में कीटनाशकों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग और समेकित प्रबंधन की तकनीकें सिखाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की क्षमता बढ़ेगी और फसल सुरक्षा के बेहतर तरीके अपनाने में मदद मिलेगी।

****

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के पास जंगल से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से छह मोबाइल फोन, सात फर्जी सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

****

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कल गुमला में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह दिवस समाज में समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कैंपों के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, ताकि वे विभिन्न शैक्षणिक, स्वास्थ्य व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें।

****

इधर साहेबगंज में भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कल झालसा के निर्देशन में नेत्रहीन एवं स्पैस्टिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उधर खूंटी के बिरसा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर कल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में विकलांग व्यक्तियों के अधिकार और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

****

हजारीबाग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व अभिलेख, भूमिधारण, किरायेदारी अधिकार और वन क्षेत्र से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न अधिनियमों की धाराओं और उनके अंतर्गत लंबित मामलों के साथ रिकॉर्ड अद्यतन, त्रुटि सुधार और धारणाधिकार पुष्टि पर विस्तृत चर्चा हुई।

****

लोहरदगा जिले में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर कंप्यूटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 20 हजार नौ सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 87 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

दक्षिण अफ्रीका ने कल रायपुर में दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को चार विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्क्रम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला अब एक–एक से बराबर हो गई है। तीसरा और अंतिम मैच शनिवार को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

****